राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

,

# राज्यपाल ने नव संवत्सर पर राज राजेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की

जयपुर, 22 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने बुधवार को नव संवत्सर 2080 और चैत्र नवरात्रि के आरम्भ पर राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की। उन्होंने देवी आराधना कर सभी की खुशहाली, सम्पन्नता और बेहतरी के लिए कामना की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने चेटीचण्ड पर्व (23 मार्च) के अवसर पर भी देश और प्रदेशवासियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

————